राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

मनोनीत राज्यपाल श्री कलराज मिश्र जयपुर पहुँचे

—

जयपुर, 08 सितम्बर। राज्य के मनोनीत राज्यपाल श्री कलराज मिश्र रविवार को सायं पांच बजे राजकीय वायुयान से जयपुर एयरपोर्ट पहुँचे। एयरपोर्ट पर वायुयान से उतरते ही मनोनीत राज्यपाल श्री मिश्र का मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने सूत की माला भेंट कर स्वागत किया। एयरपोर्ट पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सी.पी. जोशी, उप मुख्यमंत्री श्री सचिन पायलट सहित मंत्री मंण्डल के सदस्यगण, मुख्य सचिव श्री डी.बी. गुप्ता, पुलिस महानिदेशक डॉ. भूपेन्द्र यादव सहित वरिष्ठ प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों ने मनोनीत राज्यपाल की अगवानी की।

मंत्री मण्डल के सदस्यों का मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने मनोनीत राज्यपाल श्री मिश्र से परिचय कराया। इस मौके पर मनोनीत राज्यपाल को आर.ए.सी. की बटालियन द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर पेश किया। मनोनीत राज्यपाल श्री मिश्र ने सलामी ली और सम्मान गारद का निरीक्षण किया। एयरपोर्ट पर श्री मिश्र की पत्नी श्रीमती सत्यवती मिश्रा का स्वागत मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुलदीप रांका ने किया।

—

राजभवन में भाव–भीना स्वागत –

मनोनीत राज्यपाल श्री कलराज मिश्र का जयपुर राजभवन में अतिथि गृह पहॅुचने पर भाव–भीना स्वागत किया। राजभवन में मनोनीत राज्यपाल को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। राजभवन पहॅुचने पर राज्यपाल के सचिव श्री देबाशीष पृष्टी ने पुष्प गुच्छ भेंट कर मनोनीत राज्यपाल की अगवानी की। राजभवन के अधिकारियों का सचिव श्री पृष्टी ने मनोनीत राज्यपाल से परिचय कराया।

श्री कलराज मिश्र का शपथ ग्रहण समारोह सोमवार को –

मनोनीत राज्यपाल श्री कलराज मिश्र सोमवार को दोपहर 1:10 बजे राजभवन में राज्यपाल पद की शपथ लेंगे।

मीडिया से वार्ता करेंगे श्री मिश्र –

मनोनीत राज्यपाल श्री कलराज मिश्र राज्यपाल पद की शपथ लेने के बाद दोपहर दो बजे राजभवन के सभा कक्ष में मीडिया के प्रतिनिधियों से वार्ता करेंगे।

राज्यपाल श्री सिंह से मनोनीत राज्यपाल श्री मिश्र की भेंट –

राज्यपाल श्री कल्याण सिंह से रविवार को यहां राजभवन में मनोनीत राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने मुलाकात की। राज्यपाल श्री सिंह ने श्री मिश्र को पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। मनोनीत राज्यपाल श्री मिश्र की राज्यपाल श्री सिंह से यह शिष्टाचार भेंट थी।

– – –

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक(जनसम्पर्क)
राज्यपाल, राजस्थान